हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 8 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 30 .4डिग्री
न्यूनतम 7 .4 डिग्री

8 नाथ संप्रदाय में बाबा मस्तनाथ का समाधि स्थल ...



9 सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने सरकारी योजनाओं ...



## आर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय आर्य विद्वत् महासम्मेलन का भव्य शुभारंभ

# आर्यों के महाकुंभ से समाज में शांति, सद्भाव और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा

## पहले दिन आर्य समाज के 71 विद्वानों को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ और महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्य विद्वत् महासम्मेलन का भव्य शुभारंभ योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा किया गया। इस महासम्मेलन में आर्य समाज के प्रतिष्ठित विद्वान, 100 गुरुकुलों के आचार्य, एक सौ धर्माचार्य, युवा नेता, वैदिक विदुषियां और वरिष्ठ संन्यासी एकत्र हुए हैं। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव और कार्यक्रम के मुख्य संयोजक स्वामी आदित्यवेश ने इस महासम्मेलन को "आर्यों का महाकुंभ" बताते हुए कहा कि यह आयोजन वैदिक चिंतन और मंथन का केंद्र बनेगा, जिससे समाज में शांति, सद्भाव और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

### गहन विचार-विमर्श हुआ

सम्मेलन के पहले दिन 71 आर्य विद्वानों को सम्मानित किया गया। बहन प्रवेश आर्य और पूनम आर्य को सम्मानित किया गया। इसके बाद विभिन्न सत्रों में महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों, वैदिक शिक्षा, समाज सुधार, योग, ध्यान और वेदों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर गहन विचार-विमर्श हुआ। पहले दिन के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता धनंजय आचार्य ने की, जिसमें डॉ. रवि प्रकाश ने 'विदेशी लेखकों की दृष्टि में महर्षि दयानंद' विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि महर्षि दयानंद के सुधारवादी विचारों ने भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने उदाहरण सहित बताया कि मैक्स मूलर जैसे विदेशी लेखकों ने महर्षि दयानंद के विचारों की गहरी सराहना की और 'सत्यार्थ प्रकाश' को भारतीय पुनर्जागरण का आधार बताया।



रोहतक। आर्य विद्वत् महासम्मेलन का शुभारम्भ करते हुए स्वामी रामदेव एवं अन्य।



महासम्मेलन में पहुंचीं पद्मश्री डॉ सुकामा आचार्या। फोटो: हरिभूमि



रोहतक। स्वामी रामदेव महासम्मेलन में आए आर्य विद्वानों को सम्मानित करते हुए।

### जाति-पाति का भेदभाव अस्वीकार: ज्वलंत कुमार

इसके बाद ज्वलंत कुमार ने 'आर्य समाज का भावी कार्यक्रम एवं आर्य वर्ण एवं जाति व्यवस्था' विषय पर बोलते हुए कहा कि आर्य समाज जाति-पाति के भेदभाव को अस्वीकार करता है और "कर्म प्रधान वर्ण व्यवस्था" को स्वीकार करता है, जिसमें व्यक्ति का स्थान जन्म से नहीं, बल्कि कर्मों से निर्धारित होता है। उन्होंने यह भी बताया कि आधुनिक भारत में सामाजिक समरसता और समानता लाने में आर्य समाज की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

### वैदिक संस्कृति के मूल सिद्धांत पर विचार रखे

इसके पश्चात डॉ. वागीश आचार्य ने 'वैदिक संस्कृति के मूल सिद्धांत' विषय पर अपने विचार रखते हुए बताया कि यह संस्कृति सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, यज्ञ, स्वाध्याय और समाज सेवा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि वेदों में वर्णित मूल्य आज भी मानव जीवन के लिए प्रासंगिक हैं और इनके पालन से समाज में नैतिकता एवं सदाचार की स्थापना हो सकती है।

### ईश्वर, जीव और प्रकृति की दार्शनिक व्याख्या की

डॉ. सूर्या देवी चतुर्वेदी ने 'वैदिक त्रैतवाद की सरल व्याख्या' विषय पर अपने विचार रखते हुए त्रैतवाद (ईश्वर, जीव और प्रकृति) की दार्शनिक व्याख्या की। उन्होंने बताया कि यह दर्शन संतुलन और आत्मा की मुक्ति पर आधारित है, जिसे महर्षि दयानंद ने सरल भाषा में प्रस्तुत किया, ताकि आमजन इसे सहजता से समझ सकें।

### पद्मश्री सुकामा आचार्या ने अपने विचार रखे

पद्मश्री सुकामा आचार्या ने 'वेदों में नारी का महत्व' विषय पर अपने विचार रखते हुए बताया कि प्राचीन भारतीय समाज में महिलाओं को शिक्षा, सम्मान और नेतृत्व का अधिकार प्राप्त था। उन्होंने वेदों के अनेक उद्धरण देते हुए स्पष्ट किया कि स्त्रियों को ऋषिका, शिक्षिका और नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रतिष्ठा दी गई थी। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में महिला सशक्तिकरण के लिए वेदों की शिक्षाओं को पुनः अपनाने की आवश्यकता है।

### वैदिक उपासना पद्धति वैज्ञानिक: डॉ. बलबीर आचार्य

डॉ. बलबीर आचार्य ने 'उपासना की वैदिक पद्धति और योग' विषय पर बोलते हुए बताया कि वैदिक उपासना पद्धति पूर्णतः वैज्ञानिक है। उन्होंने गायत्री मंत्र, यज्ञ और ध्यान की महत्ता को स्पष्ट करते हुए कहा कि ये न केवल आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करते हैं, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महर्षि दयानंद का दृष्टिकोण केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक भी था।

### आगामी सत्र में कई विषयों पर होगा गहन विमर्श

अंतरराष्ट्रीय विद्वत सम्मेलन के आगामी सत्रों में वैदिक शिक्षा, आर्य समाज के सामाजिक सुधार आंदोलन, वेदों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, योग एवं ध्यान, तथा महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों पर गहन विमर्श किया जाएगा। समापन समारोह में वेदों की महत्ता पर एक विशेष व्याख्यान और वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्वानों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भी भाग लेंगे। यह महासम्मेलन न केवल महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों का प्रचार-प्रसार करेगा, बल्कि वैदिक संस्कृति को पुनः जाग्रत करने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



रोहतक। महासम्मेलन में मौजूद आर्य समाज के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### संस्कार व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सहायक

डॉ. सुमेधा आचार्या ने 'जीवन में संस्कारों का महत्व' विषय पर बोलते हुए वेदों में वर्णित सोलह संस्कारों की व्याख्या की और बताया कि कैसे ये संस्कार व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन संस्कारों को सही प्रकार से अपनाया जाए, तो समाज में नैतिक मूल्यों की पुनः स्थापना हो सकती है।

## शहर में आज

- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर

## बिजली कट

- सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक

सेक्टर-1, सेक्टर-2, तिलक नगर, शिला बाइपास, वाटर वर्क्स, तिलयार फीडर, सेक्टर-2 मार्केट, माइक्रोन इंडस्ट्री फीडर

- सुबह 10 से शाम 5.00 बजे तक

बरसी नगर, सुंदरपुर रोड, जेआर किसान कॉलेज, गैस गोदाम के पास का एरिया

- सुबह 10 से 1 बजे तक बंद

शिवम एनक्लेव, शिक्षा भारती स्कूल, शास्त्री नगर, घणीपुरा, झंडी मंदिर, झज्जर रोड पुल के नीचे, आर्य नगर

## खबर संक्षेप

### नेकी राम कॉलेज में दर्द प्रबंधन विषय पर व्याख्यान

**रोहतक।** नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में दर्द प्रबंधन विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. नवीन मल्होत्रा ने बताया कि दर्द प्रबंधन का अर्थ है शरीर में होने वाले दर्द को नियंत्रित करने या कम करने के तरीकों का उपयोग करना, ताकि व्यक्ति का जीवन अधिक आरामदायक और सामान्य हो सके। यह दर्द किसी चोट, बीमारी, सर्जरी या किसी पुरानी समस्या (जैसे गठिया या माइग्रेन) के कारण हो सकता है।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नितिन प्रथम

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीए व बीएससी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. दिनेश रानी बंसल, डॉ. मधु व डॉ. रीतू ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में नितिन प्रथम, दीपक द्वितीय तथा दीक्षांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. फूल सिंह यादव, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. संगीता गुप्ता, डॉ. उन्मेष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### परमार्थ समन्वय संगठन की बैठक कल

**रोहतक।** परमार्थ समन्वय संगठन की वार्षिक मिटिंग 9 को परमार्थ अस्पताल में सुबह 10 बजे होगी। महासचिव नरेश जैन ने कि बताया बैठक में अस्पताल को सुचारू रूप से चलाने के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा।

### महिला दिवस पर आज ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला की सभी ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के साथ साथ गांव की स्वच्छता, महिलाओं के स्वास्थ्य, गांव के विकास में उनकी भूमिका और पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ गांवों में समय समय पर होने वाले सरकारी आयोजनों के प्रति बारे में जागरूक किया जाएगा।

### एक प्रयास, एक साथ अभियान 10 से शुरू

**रोहतक।** उपायुक्त ने बताया कि 10 मार्च 2025 से एक प्रयास, एक साथ मुहिम के तहत विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जनभागीदारी, एनजीओ, सम्बन्धित विभाग, सामाजिक संस्थाएं इत्यादि शामिल होंगी। इस अभियान का आरंभ शीला बाईपास से (एचएसवीपी) तक किया जाएगा।

*मदवि के केमिस्ट्री विभाग ने खेल दिवस बड़े उत्साह साथ मनाया गया*

# लड़कियों की 100 मीटर रेस में प्रिया, काफी व आरजू अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग द्वारा खेल दिवस बड़े उत्साह साथ मनाया गया। खेल गतिविधियां जिम्नेजियम हॉल और विश्वविद्यालय के स्टेडियम में आयोजित की गई। केमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ अपना खेल कौशल प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बलबीर आचार्य ने मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रो. देवेंद्र सिंह ने बताया कि 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और रिले दौड़ आयोजित की गई। प्रिया, काफी और आरजू ने 100 मीटर लड़कियों की दौड़ अव्वल स्थान हासिल किया। वहीं दीपक, ज़हीन और गौरव लड़कों की 100 मीटर दौड़ के विजेता रहे। इसके अलावा 200 मीटर लड़कियों की दौड़ में सुनीता, प्रिया और काफी विजेता रहे। रिले रेस के विजेता अंतिम वर्ष के छात्र रहे। फील्ड इवेंट में क्रिकेट और रस्साकशी में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों ही मैच फाइनल ईयर के छात्रों ने जीते।



विजेता खिलाड़ी जीत का जश्न मनाते हुए।

### आदित्य, शशि,दीपक, अंशिका और अलका बैडमिंटन में में छाए

आदित्य, शशि और दीपक, अंशिका और अलका ने बैडमिंटन मैच में पहला स्थान प्राप्त किया। प्रत्येक टीम ने बेहतरीन टीम वर्क का प्रदर्शन किया। प्रो. बलबीर आचार्य ने योग अभ्यास और खेलों के महत्व पर जोर दिया। विजेता टीमों और खिलाड़ियों को विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह ने पदक और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

# बाल आश्रम में बच्चों की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न हो: एडीसी

**नरेंद्र कुमार ने किया बाल आश्रम का औचक निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने शुक्रवार को जिला स्तरीय निरीक्षण कमेटी सदस्यों के साथ जिले में बाल देखरेख संस्थाओं चौधरी लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम और जगन्नाथ आश्रम बाल भवन का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने यहां बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीसी ने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए संस्था संचालकों को निर्देश दिए कि वे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की तरफ विशेष तौर पर ध्यान दें और संस्थान में रहने वाले बच्चों को पारिवारिक माहौल उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि संस्थान में रहने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए सामान्य अस्पताल से डाइट चार्ट के अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध करवाया जाए। इसके अलावा अगर संस्थान में कोई भी नया स्टाफ सदस्य नियुक्त होता है तो नियुक्ति होने से पूर्व स्टाफ सदस्य की पुलिस जांच करवाना सुनिश्चित करें व प्रत्येक संस्था स्टाफ अपने कार्य के प्रति ईमानदार व निष्ठापूर्ण कार्य करें ताकि हम समाज को एक बेहतर नागरिक उपलब्ध करवा सकें। यही युवा हैं जो अपने देश को आगे ले जाने में अपनी भागीदारी का प्रदर्शन करेंगे, हमें इन बच्चों की तरफ विशेष ध्यान दिया चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार संस्थान में किसी भी बाहरी व्यक्ति का आगमन न होने दें।



**रोहतक।** चौधरी लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम और जगन्नाथ आश्रम बाल भवन का निरीक्षण करते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व सिविल सर्जन डॉ रमेश चन्द्र।

**सुविधा** | रोहतक में एएसपी ने दी पायलट योजना की जानकारी

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को मिलेगी 1.5 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा

- सरकार का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु को रोकना
- जल्द शुरू करवाया जाएगा योजना पर कार्य: वाईवीआर शशि शेखर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के लिए एक पायलट योजना की शुरुआत की है। भारत सरकार का यह कदम सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप है। यह जानकारी एएसपी वाएवीआर शशि शेखर ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि सड़क हादसे में घायल नागरिक को भारत सरकार की पायलट योजना के तहत पैनल के अस्पतालों में 1 लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस इलाज का हकदार है। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु को रोकना है। उन्होंने बताया जल्द ही अन्य विभागों से संपर्क कर योजना शुरू करवाई जाएगी।



वाईवीआर शशि शेखर, एएसपी

### अधिकतर सात दिनों की अवधि के लिए मिलेगा लाभ

एएसपी वाईवीआर शशि शेखर ने कहा कि सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत मोटर वाहनों के उपयोग से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को नकद रहित उपचार प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में कोई भी पीड़ित नागरिक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशो अनुसार दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों की अवधि के लिए प्रत्येक दुर्घटना के लिए प्रति 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज मिलेगा।

### जल्द शुरू किया जाएगा योजना पर कार्य

एएसपी वाईवीआर शशि शेखर ने कहा कि सरकार की उक्त योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को समय पर चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना है, जिसमें गोल्डन ऑवर भी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) पुलिस व स्वास्थ्य विभाग आदि के साथ समन्वय से इस योजना का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित किया जाएगा।

### संबंधित पुलिस 6 घंटे के अंदर ही जांच पूरी करेगी

एएसपी वाईवीआर शशि शेखर ने कहा कि यह योजना किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहन के उपयोग के कारण होने वाली सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू रहेगी। अस्पताल द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति का डाटा साफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। संबंधित पुलिस द्वारा 6 घंटों के अंदर-2 जांच की जाएगी की व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हुआ है या नहीं, सड़क दुर्घटना में घायल होने पर व्यक्ति को 1 लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार दिया जाएगा।



## बाबा मस्तनाथ के स्वरूप में महंत बालक नाथ ने दिए दर्शन

# नाथ संप्रदाय में बाबा मस्तनाथ का समाधि स्थल आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र

- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा व अन्य राज्यों से मंत्री, विधायक, सांसद और अन्य विशिष्ट भी मठ पहुंचे, बाबा मस्तनाथ की समाधि पर नमन कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आठवीं शताब्दी से अध्यात्म, शिक्षा, चिकित्सा और संस्कृति के अनोखे संगम का केंद्र रहे बाबा मस्तनाथ मठ अस्थल बोहर में चल रहे वार्षिक मेले के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ा। अष्टमी के शुभ अवसर पर सुबह 4 बजे से ही बाबा मस्तनाथ की समाधि पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई। श्रद्धालुओं ने बाबा मस्तनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन भक्ति गीतों और हरियाणवी रागनियों का भी दौर चलता रहा, जिससे मठ परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। श्रद्धालु बाबा की महिमा गाते और भजन-कीर्तन करते नजर आए। श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ-साथ मेले में खरीदारी करने वालों की भी खासी भीड़ देखने को मिली।

### हर साल लगता है मेला

मेले में पारंपरिक वस्त्र, धार्मिक वस्तुएं, खिलौने, प्रसाद, आभूषण और सजावटी सामान की दुकानों पर लोग जमकर खरीदारी करते नजर आए। शुक्रवार को राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा व अन्य राज्यों से मंत्री, विधायक, सांसद और अन्य विशिष्ट भी मठ पहुंचे और बाबा मस्तनाथ की समाधि पर नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नाथ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार मठ के महंत बालकनाथ योगी ने बाबा मस्तनाथ के स्वरूप में भक्तों को दर्शन देकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। उनके दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। नाथ संप्रदाय के इस ऐतिहासिक और धार्मिक मठ में हर साल लगने वाला यह मेला श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक बना हुआ है।



रोहतक। महंत बालक नाथ योगी के दर्शन कर आशीर्वाद लेते भक्तजन। फोटः हरिभूमि



रोहतक। महंत बालक नाथ योगी के साथ मौजूद विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेता। फोटः हरिभूमि



रोहतक। विशिष्ट मेहमानों का स्वागत करते महंत बालक नाथ योगी।। फोटः हरिभूमि

### देशभर से श्रद्धालु पहुंचे

अष्टमी और नवमी के अवसर पर मठ में देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यता है कि इस दिन मठ में गुड़ और कंबल चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं बाबा मस्तनाथ अवश्य पूरी करते हैं। श्रद्धालुओं ने मठ परिसर में देशी घी की जोत जलाकर अपने परिवार की समृद्धि की कामना की।
मठ में प्रतिवर्ष लगने वाला यह मेला आठ मार्च तक चलेगा। मेले के समापन के दिन विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के नामी पहलवान हिस्सा लेंगे। इस वर्ष प्रथम इनाम 1,51,000 रुपये, द्वितीय इनाम 1,00,000 रुपये, तृतीय इनाम 51,000 रुपये और चतुर्थ इनाम 31,000 रुपये रखा गया है। इसके अलावा प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में भी लाखों रुपये के इनाम वितरित किए जाएंगे।

### संतों और महंतों ने भस्म रमाई

परंपरा के अनुसार, मंदिर में पूजा-अर्चना से पूर्व संतों और महंतों ने बाबा की धूनी पर भस्म रमाई। संतों ने नाचते-गाते हुए खुद को भस्म में लपेटकर बाबा के जयकारे लगाए। बाबा मस्तनाथ मठ के भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी और जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### हरियाणा के कई गांवों में बाबा मस्तनाथ के सिद्ध एवं चमत्कारी स्थल पूजनीय

बाबा मस्तनाथ मठ की स्थापना आठवीं शताब्दी में परम सिद्ध शिरोमणि चौरंगीनाथ महाराज ने की थी। यह मठ नाथ संप्रदाय का एक प्रमुख केंद्र रहा है। कहा जाता है कि उस समय यहां से धर्म, संस्कृति और समाज के उत्थान के लिए 84 सिद्धों की पालकियां एक साथ निकला करती थी। आज भी हरियाणा के कई गांवों में बाबा मस्तनाथ के सिद्ध एवं चमत्कारी स्थल पूजनीय हैं। बाबा मस्तनाथ के सिद्ध एवं चमत्कारी स्थलों पर भी लोगों की खूब आस्था है। इन स्थलों में भी लोगों बाबा के दर्शन करने के लिए आते हैं। इन स्थलों पर भी मेलों का आयोजन किया जता है।




# अजय कुमार को अध्यक्ष की जिम्मेदारी

- इनकम टैक्स इंप्लॉइज फेडरेशन की नई शाखा का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आयकर भवन में इनकम टैक्स इंप्लॉइज फेडरेशन की अहम बैठक हुई। जिसमें संगठन की नई शाखा का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अजय कुमार को अध्यक्ष, मोहित को उपाध्यक्ष, रोहित को शाखा सचिव और रोहित कुमार



को वित्त सचिव के रूप में चुना गया। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि संघ कर्मचारियों की आवाज बनेगा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा। संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि "हमारा मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं को हल कराना और उनके कार्यस्थल पर सुविधाएं बढ़ाना है। संगठन हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। शाखा सचिव रोहित ने कहा कि उनकी सभी जायज मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने और समाधान निकालने के लिए संघ पूरी तरह समर्पित रहेगा।

# शोक जताने पहुंचे सुरजेवाला

**रोहतक।** केवीएम शिक्षण संस्थान के निदेशक, जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कर्मवीर मायना के बड़े भाई धर्मवीर मायना के निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व मंत्री व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना उनके निवास स्थान शिवाजी कॉलोनी पर शोक जताने के लिए पहुंचे। उन्होंने मायना परिवार से मिलकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

स्व धर्मवीर मायना की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किए। इस मौके पर राजू मान, पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा, रघबीर सिंह, भूपेंद्र, विरेंद्र जागलान, कृष्ण सातरोड, विशाल चौधरी, कुलदीप नंबरदार, रणबीर आर्य, कृष्ण



छाबड़ा, स्वामी गोविंद करतार, जयभगवान लाकड़ा, महावीर ठेकेदार, सुरेश राणा आदि मौजूद रहे।

# नारी सशक्त होगी, तो समाज और राष्ट्र भी सशक्त होगा : प्रोफेसर रेनू राना



**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय की प्रोफेसर रेनू राना ने कहा कि नारी सिर्फ शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि सृजन, प्रेम, करुणा और संघर्ष की मूर्त रूप है। महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन सिर्फ महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने का ही नहीं, बल्कि उनके संघर्षों को पहचानने और उन्हें समान अवसर देने का संकल्प लेने का भी दिन है। आज भी कई महिलाएं शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता के लिए लड़ रही हैं। हमें यह समझना होगा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ नारेबाजी तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह एक व्यवहारिक परिवर्तन बनना चाहिए। घर से लेकर कार्यस्थल तक, शिक्षा से लेकर राजनीति तक, हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। नारी सशक्त होगी, तो समाज और राष्ट्र भी सशक्त होगा।

# जाट कॉलेज में शिविर के दौरान स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया



**रोहतक।** जाट कॉलेज में चल रहे एनएसएस शिविर के दौरान स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। सुबह के सत्र में ब्रांड रेजा की ऑनर ललिता और सोलो बाइकर्स सुनीता हुड्डा वालिंटियर्स से मिलीं। ब्रांड रेजा की कहानी बताते हुए ललिता ने कहा कि कई प्रकार की बाधाओं को पार करते हुए हमने हरियाणा के इस कल्चर को विदेशों तक पहुंचाने का कार्य किया है। रेजा एक प्राचीन समय से ही हमारे गांव-देहात में प्रयोग होने वाला कपड़ा था जो हर प्रकार के मौसम से हमें बचाता था। उन्होंने कहा कि देशी खादी में जैसे दुकानिया, खेश, गलेफ, रजाई के साथ-साथ कई प्रकार के कपड़े भी आम प्रचलन में थे। बाइकर्स सुनीता हुड्डा ने वालिंटियर्स को बताया कि किस प्रकार उन्होंने बाइक के माध्यम से भारत भ्रमण करते हुए अपनी इच्छाओं को पूरा किया।प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने कहा कि जीवन में बाधाएं आती हैं तो उनको सकारात्मक तरीके से पार करते हुए उनमें भी अगर आप रोजगार की तलाश करते हैं तो सफलता निश्चित तौर पर मिलेगी। सायंकालीन सत्र में वालिंटियर्स को पीजीआईएमएस से डॉ. हितेश खुराना व डॉ. रितु ने एचआईवी एड्स बचाव के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को फ्लावर आर्ट सिखाई गई और रस्साकस्सी के साथ-साथ लक्की स्टार गेम भी करवाया गया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विवेक दांगी, डॉ. जसमेर सिंह, डॉ. शीशपाल राठी, डॉ. संजीत, डॉ. मोनिका दहिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज में सावित्रीबाई फूले के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं को सावित्रीबाई फूले के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। जिसमें सावित्रीबाई द्वारा महिलाओं की शिक्षा तथा समाज के उत्थान कार्यों को दिखाया गया। इसके बाद महिलाओं से जुड़े सामाजिक मुद्दों पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जिसमें छात्राओं ने कल्पना चावला, किरण बेदी, सरोजनी नायडू आदि के जीवन के संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए समाज में महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के बाद ब्रिगेडियर एमएस हुड्डा द्वारा छात्राओं को मेडिटेशन करवाया तथा बताया कि कैसे हम ध्यान के माध्यम से तनाव को कम कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. निशा, डॉ. आशा, डॉ. उर्मिला राठी, डॉ. सीमा, डॉ. प्रीति आदि उपस्थित रहे।

**समाधान शिविर** | उपायुक्त और अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनीं

## मोखरा खास के पंचायती रास्ते से अवैध कब्जे हटवाने के लिए तुरंत करें कार्रवाई

# बीडीपीओ ग्रामीण क्षेत्र में 20 वर्ष पहले शामलात भूमि पर बने मकानों को नियमित करवाने को कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। शुक्रवार को समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा व अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में शामलात भूमि पर गत 20 वर्ष पहले बनाए गए 500 वर्गगज तक के अवैध मकानों को निर्धारित कलैक्टर रेट भरवाकर नियमित करने का फैसला लिया है, बशर्ते यह मकान तालाब अथवा सडक़ की भूमि पर न बने हुए हो। संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ऐसे मकानों को नियमित करवाने के लिए सूची बनाकर आवश्यक कार्रवाई करें।

धीरेंद्र खड़गटा लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने मोखरा खास निवासीगण की पंचायती रास्ते से अवैध कब्जे हटाने से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से कहा कि वे इस शिकायत का समाधान करवाए। उन्होंने कहा कि यदि अवैध कब्जे पंचायती रास्ते पर किए गए है तो उन्हें तुरंत हटवाया जाए और यदि पंचायती भूमि पर अवैध कब्जे किए गए है तो सरकार के निर्णय अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।
उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करें। सरकार की हिदायतों अनुसार इस पोर्टल पर वर्ष 2020 से पूर्व की लंबित शिकायतों को जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का तुरंत निपटारा करें ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने गद्दी खेड़ी निवासी की पेयजल में टीडीएस की अधिक मात्रा होने के संदर्भ में शिकायत की सुनवाई करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसकी जांच करवाने को भी कहा।

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए नगर निगम के अधिकारियों को प्रॉपर्टी आईडी में सुधार करवाने को कहा। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित शिकायतों की सुनवाई के दौरान परिवार पहचान पत्र में दर्ज विवरण का मौके पर अवलोकन करवाया। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में सभी आवश्यक विवरण अपडेट होते ही प्रो-एक्टिव मोड के माध्यम

- सीएम विंडो पर 2020 से पूर्व की लंबित शिकायतों को जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक के एजेंडे में किया जाएगा शामिल

से समाज कल्याण विभाग को पात्र व्यक्ति का नाम भेजा जाता है, जिसके बाद संबंधित विभाग द्वारा पेंशन स्वीकृत कर दी जाती है। उन्होंने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए मौके पर उपस्थित विभाग के अधिकारियों को इन शिकायतों के समाधान करवाने के निर्देश दिए।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय दलाल, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमारी दीपिका सैनी, पुलिस विभाग के उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमंडल अधिकारी वतन सेढ़ा, जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता अनिल कुमार, सहायक नगर योजनाकार वैशाली, सहायक रोजगार अधिकारी ऋचा आर्य, बीजेपी के प्रतिनिधि सतीश चौधरी एवं एडवोकेट अंकुश सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### खो-खो खेल प्रतियोगिता का 21 से 24 तक



रोहतक। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीडा बोर्ड द्वारा अखिल भारतीय सिविल सेवा खो-खो (पुरूष व महिला) खेल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 21 से 24 मार्च 2025 नई दिल्ली के चाणक्यपुर स्थित विनय मार्ग खेल परिसर में करवाया जाएगा। इससे पूर्व खो-खो खेल की हरियाणा राज्य की पुरूष व महिला टीम का चयन 10 मार्च को सुबह 10 बजे स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

**रोहतक।** अर्पण मानसिक दिव्यांग बाल संस्था में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। स्कूल इंचार्ज नीलम कटारिया ने महिला दिवस के अवसर पर बताया कि यह दिवस हर साल 8 मार्च को महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और उनकी उपलब्धियों को सामान देने के लिए, समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए, उनके मान सम्मान में मनाया जाता है। आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। अंजु वर्मा ने महिलाओं के सम्मान में कविता द्वारा भाव व्यक्त किए।

### एनएसएस कैंप में डिजिटल साक्षरता पर व्याख्यान

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तीसरे दिन नेहरू युवा केंद्र रोहतक के जिला युवा अधिकारी आशीष सांगवान ने सुबह के सत्र में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने की। मुख्यवक्ता आशीष सांगवान ने कहा कि मेरा भारत पोर्टल पर स्वयंसेवकों से विचार साझा किए।

## जन औषधि दिवस पर राज्यसभा सांसद बोले, 2027 तक 10,000 और नए केंद्र खुलेंगे

# जन औषधि केंद्र से गरीबों को सस्ती दरों पर मिलती हैं दवाइयां : जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य के प्रति भी प्रतिबद्ध है। इसी के चलते सभी जिला मुख्यालयों पर सामान्य अस्पतालों और पीजीआई आदि मुख्य चिकित्सा संस्थान में जन औषधि केंद्र खोलने गए हैं, ताकि लोगों को वहां पर सस्ती दरों पर जेनरिक दवाई मिल सके।

राज्य सभा सांसद श्री जांगड़ा शुक्रवार को स्थानीय सामान्य अस्पताल में जन औषधि दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 7 मार्च जन औषधि दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जब 2014 देश की बागडोर संभाली, तभी आमजन के स्वास्थ्य की तरफ ध्यान दिया और जन औषधि केंद्र खोले। उन्होंने कहा कि बड़ी-बड़ी कंपनियां ब्रांडेड दवा के नाम पर लोगों से अधिक पैसे वसूलने का काम करती थी, जिससे बीमार लोगों पर आर्थिक बोझ भी पड़ता था। जन औषधि केंद्र खोलने का उद्देश्य लोगों को सस्ती दरों पर जेनरिक दवाई उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी 2025 तक पूरे देश भर में 15000 जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं। ये जेनरिक दवा डब्ल्यूएचओ के पैमाने पर आधारित गुणवता की है। जेनेरिक दवाइयां का सबसे बड़ा डिपो गुरुग्राम के अंदर है जहां से पूरे देश जेनेरिक दवाइयां वितरित की जाती हैं। उसके बाद चार सब डिपो हैं, जिनमें चेन्नई, हैदराबाद, बैंगलोरु और गुवाहाटी में है। जन औषधि केंद्र महिलाओं को पूर्व सैनिकों को, दिव्यांगों को और विधवाओं को वितरित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से देश में गरीब लोगों के हित में योजनाएं लागू की जा रही हैं। सरकार का मुख्य लक्ष्य गरीब लोगों को आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भाजपा सरकार ने पारदर्शिता के साथ और मेरिट के आधार पर नौकरियां देने का काम किया है, जिसका संदेश पूरे देश भर में गया है। इसका मुख्य उद्देश्य पंक्ति में खड़े अंतिम पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ और उनका हक दिलाना है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत पूर्ण रूप से विकसित हो, इसी दिशा में हरियाणा प्रदेश आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को कहा कि वे अस्पताल में आने वाले गरीब लोगों को जन औषधि केंद्रों पर दवाइयां लेने के बारे में जागरूक करें ताकि उनका पैसा बच सके। इस दौरान उन्होंने यहां पर स्थापित जन औषधि केंद्र का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में सामान्य अस्पताल के सभी चिकित्सा अधिकारी व सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



रोहतक। सामान्य अस्पताल में जन औषधि केंद्र का निरीक्षण करते राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

### मिलती है दो लाख तक की सहायता

जन औषधि केंद्र खोलने के लिए उनको 200000 तक की सहायता दी जाती है। जो जन औषधि केंद्र खोलते हैं, उनको एमआरपी पर 20% कमीशन दिया जाता है। यह जन हित के लिए है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र के माध्यम से प्रधानमंत्री की सोच से पिछले 10 सालों में 30000 करोड़ रूपया गरीब लोगों का बचा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक 10000 और नए जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि अनेक ऐसी दवाइयां हैं जो मार्केट में महंगी मिलती हैं और जन औषधि केदो पर वे जेनेरिक दवाइयां बहुत अधिक सस्ती दरों पर मिल जाती हैं।



# इंडियन पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडियन पब्लिक स्कूल विजय नगर के वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सतीश वर दत्त ने दीप प्रज्वलित करके समारोह को विधि पूर्वक शुरुवात की और इस समारोह में रंगा रंग कार्यक्रम करवाए गए। जिसमें देशभक्ति गीत व नृत्य के कार्यक्रम किए गए जिसमे देश भक्ति गीत मेरा रंग दे बसंती चोला पर बच्चों व दर्शकों को तालियां बजाने से मजबूर कर दिया और देशभक्ति की गानों से सभी को तालियां बजाने से मजबूर कर दिया सतीश्वर दत्त ने बताया कि इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा समिति प्रधान अशोक कुमार, जय लाइन हॉस्पिटल के आजाद बुधवार व स्कूल चैयरमेन भगवान शर्मा व बीर सिंह आर्य, प्रकाश सैनी, सुमित चावला ने बच्चों को आशीर्वाद व स्मृति चिन्ह देकर उनको सममानित किया और दसवीं क्लास में कक्षा में प्रथम स्थान पर रही वंदना व खुसबू को स्कूल की तरफ से साइकिल, ट्रॉली बेग, एचएमटी घडी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षा समिति प्रधान अशोक कुमार, सुदेश दत्त, सुमित चावला, माया दहिया, कविता, सुमन, मोनिका, माया, निकिता शर्मा, सपना रोहिल्ला, मासूमियत, सविता कुंडू, कमला दलाल, विधि वत्स, माया देवी, हरियाणा जंप रोप संघ के महासचिव वीर सिंह आर्य, निधि दत्त एवं विपुल दत्त आदि मौजूद रहे।

खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर दिया जोर

# एमडीयू एम्पलाइज की वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता हुई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को एमडीयू एम्पलाइज की वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। एमडीयू नॉन टीचिंग एम्पलाइज एसोसिएशन के प्रधान अनिल मल्होत्रा ने बतौर मुख्यातिथि इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अनिल मल्होत्रा ने इस अवसर टॉस उछाल कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने सभी कर्मियों से खेल भावना के साथ इस खेल प्रतियोगिता में खेलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल से जहां कर्मी स्वस्थ रहेंगे वहीं उनकी कार्य क्षमता में भी इजाफा होगा। डिप्टी डायरेक्टर खेल डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की और जीवन में खेलों की महत्ता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी कर्मियों से खेल को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। महासचिव अजमेर सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एमडीयू नॉन टीचिंग एम्पलाइज एसोसिएशन के पदाधिकारी, पूर्व प्रधान कुलवंत मलिक समेत एमडीयू के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।



### डिजिटल साक्षरता पर हुआ विस्तार व्याख्यान

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तीसरे दिन नेहरू युवा केंद्र रोहतक के जिला युवा अधिकारी आशीष सांगवान ने सुबह के सत्र में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने की। मुख्यवक्ता आशीष सांगवान ने कहा कि मेरा भारत पोर्टल पर स्वयंसेवकों से विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि मेरा भारत पोर्टल में शारीरिक गतिविधियों के साथ साथ डिजिटल रूप से जुड़ने का मौका मिलता है। इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण पर दिया जोर

# आईसी कॉलेज में महिलाओं के स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आईसी कॉलेज में महिला सशक्तिकरण सेल और एनएसएस के सहयोग से महिला स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें ऑन्कोलॉजी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रोफेसर वीना सचदेवा ने महिलाओं के स्वास्थ्य मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस दिन को महिलाओं की उपलब्धियों के सम्मान के रूप में मनाने के महत्व की बात कही। डॉ. पुष्पा दहिया ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान और उपचार विकल्पों पर जानकारी साझा की। डॉ. शैली ने ब्रेस्ट कैंसर पर व्याख्यान दिया। उन्होंने ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम, शीघ्र निदान और उपचार में नवीनतम प्रगति पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. परमजीत, डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. फूल कुमार, डॉ. सुमन, डॉ. नीरज, डॉ. हर्ष, डॉ. प्रियंका आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य डॉ. दर्शना ने कहा कि सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर पर दिए गए व्याख्यान जागरूकता बढ़ाएंगे और छात्रों को उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रेरित करेंगे।







रोहतक। श्रीमद् भागवत कथा में भाग लेते श्रद्धालु व प्रवचन करते कथावाचक।

### प्रभु से बढ़कर कोई सुख सम्पदा नहीं : केशव कृष्ण

रोहतक। शिव धर्मशाला गोहाना अड्डा में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण में शुक्रवार को अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा वाचक केशव कृष्ण ने कहा कि अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते हैं तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। कथा वाचक ने कहा कि मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इस प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पद्या नहीं है। भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं। जो भी इस भागवत के तट पर आकर विराजमान हो जाता है, भागवत उसका सदैव कल्याण करती है। इस अवसर पर पंडित आचार्य गोविंद शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# सिरतार संस्थान में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिरतार संस्थान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. एडी पासवान ने की। इस कार्यशाला का विषय क्रास डिसऐबिलिटीः कनसैप्ट, अप्रोच एंड इंटरवैंशन'' रहा जिसमें संस्थान में चलाए जा रहे एमएड एसई (आईडी), बीएड एसई (आईडी), डीएड एसई (आईडीडी) व पीजीडीआरपी कोर्स के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यशाला में शशी भूषण, क्लीनीकल अस्सिटेंट, नेदानिक मनोवैज्ञानिक विभाग, सीआरसीए सुंदरनगर बतौर रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम द्वीप प्रज्वलित करके कार्यशाला का शुभारंभ किया गया तथा संस्थान में पौधरोपण किया गया। निदेशक ने कहा कि क्रास डिस्ऐबिलिटी एक ऐसी अवधारण है जो विकलांग लोगो द्वारा सामना किए जाने वाले सामान्य अनुभवों और बाधाओं को पहचानती है। शशी भूषण कि रिसोर्स पर्सन ने अपने अनुभव को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया और कार्यशाला के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। मंच का संचालन डॉ. मुकेश कुमार, नेदानिक मनोवैज्ञानिक ने किया। इस अवसर पर डॉ. रविन्द्र कुमार, शलैश कुमार, कृष्णलाल, अंजू, जसप्रीत व हरिओम उपस्थित रहे। अंत में ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला का




रोहतक। कार्यशाला का शुभारंभ करते संस्थान के निदेशक डॉ. एडी पासवान।

### पोर्टल से छेड़खानी करने के मामले में पकड़े गए आरोपी एक दिन के पुलिस रिमांड पर

झज्जर। साइबर थाना की एक टीम द्वारा पोर्टल से छेड़छाड़ कर पीपीपी को बिना दस्तावेज अलग करने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि 12 नवंबर 2024 को सूचना मैनेजर जिला नागरिक संसाधन विभाग झज्जर योगेश कुमार द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि जिला प्रबंधक का पोर्टल हैक करके बिना मेरी अनुमति से गलत तरीके से फैमिली आईडी को बिना दस्तावेज/अनुमति के अलग किए जा रहे हैं।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अग्रवाल महिला संगठन द्वारा होली के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंजू गर्ग ने की। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न खेल खेले। सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। सभी ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर सरोज जैन, रितु, ममता जैन, मीनाक्षी, संतोष शर्मा, शालू गर्ग, सुनीता, अर्चना, सोनिया, सुनीता वर्मा, रिंकी, मीनू, कविता, प्राचाी, मोनिका आदि मौजूद रहे।

**NOTICE**

I, Sarita Devi W/o Sh. Kulbir Singh R/o Village Jalalpur Kalan, Intal Kalan, Distt. Jind (Haryana) 126102 declare that Riya is my real daughter. In my daughter's passport my name is Sarita. My original true and correct name is Sarita Devi. Now I want to change my name in my daughter's passport from Sarita to Sarita Devi. Sarita and Sarita Devi both are the names of one and the same person.

**सूचना**

मैं, रामरती पत्नी आजाद सिंह निवासी 1856, सैक्टर-2, पार्ट-3, रोहतक बयान करती हूं कि सुभाष गुप्ता पुत्र राम कुमार गुप्ता, निवासी 427, सुन्दर विहार, पश्चिमी दिल्ली से मकान नंबर-1856, सैक्टर-2, पार्ट-3, रोहतक का किरायानामा प्रति माह 23 हजार रूपये मुकरर हुआ था। किरायेदार सुभाष गुप्ता अपनी मर्जी से मकान छोड़ कर चला गया है मकान में उसका घरेलू सामान रखा हुआ है। सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि सुभाष गुप्ता किरायेदार अपने घरेलू सामान को एक माह के अन्दर उठाकर ले जाए।

**किया जागरूक** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की चारों एनएसएस इकाइयों के लगे शिविर

स्वयंसेवकों द्वारा गांव के चौंक पर डिजिटल इंडिया थीम पर दो नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए

# शिविर में नशे के नुकसान, शिक्षा का महत्व जल-प्रदूषण पर विस्तार से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की चारों एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन माड़ौदी जाटान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सभी कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. अंजु पंवार, डॉ. एकता रानी, डॉ. जितेंद्र राठी और डॉ. गुरदयाल सिंह ने स्कूल के सेवानिवृत प्रधानाचार्य सुनील बत्रा का शिविर में पधारने पर स्वागत किया तथा उनका आभार प्रकट किया कि वह बच्चों को स्वयंसेवकों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। सभी कार्यक्रम अधिकारियों ने उनके एवं स्कूल के सभी अध्यापक गणों सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त आर्मी ऑफिसर कैप्टन जगबीर मलिक रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों से नशे के नुकसान, शिक्षा का महत्व, देश-प्रेम, जल-प्रदूषण, पर्यावरण-प्रदूषण आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि स्टिंग जैसे पेय पदार्थ का सेवन नशे की लत का शुरुआती कदम है। क्योंकि इसमें 72एमजी मात्रा में कैफीन होता है, जो की एक बेहद नशीला पदार्थ है और धीरे-धीरे इंसान को लत लगा देता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को नशे के नुकसान और परिणामों से भी अवगत कराया। साथ ही उन्होंने सभी कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों को खुद नशा न करने और दूसरों को भी न करने देने के लिए शपथ भी दिलवाई। डॉक्टर अंजु पवार ने कैप्टन मलिक का आभार व्यक्त किया तथा उनके देश प्रेम को नमन किया। इसके पश्चात देशभक्ति के नारों 'जय जवान जय किसान' से हॉल गूंज उठा।

दोपहर बाद स्वयंसेवकों द्वारा गांव के चौंक पर सभी ग्रामवासियों के समक्ष /"डिजिटल इंडिया/" थीम पर दो नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए। जिसके माध्यम से गांव वासियों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि आधुनिक समय में डिजिटलाईजेशन कितना जरूरी और आसान हो गया है जिसके माध्यम से ऑनलाइन लेन देन, सामान मंगवाना, सूचनाएं इकट्ठी करना बहुत आसान हो गया है। स्वयंसेवकों द्वारा किए गए इस प्रयास की सभी गांववासियों ने भरपूर सराहना की और डिजिटल बनने का प्रयास करने का वादा किया। इसके अतिरिक्त कैंप के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य इंदुबाला और अन्य सभी अध्यापकगण भी उपस्थित रहे।



### बताया सरहानीय कदम

कार्यक्रम अधिकारियों ने उनके एवं स्कूल के सभी अध्यापक गणों सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त आर्मी ऑफिसर कैप्टन जगबीर मलिक रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों से नशे के नुकसान, शिक्षा का महत्व, देश-प्रेम, जल-प्रदूषण, पर्यावरण-प्रदूषण आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि स्टिंग जैसे पेय पदार्थ का सेवन नशे की लत का शुरुआती कदम है।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते सभामन्त्री उमेद शर्मा व अन्य पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

# आर्य महासम्मेलन 9 को

रोहतक। आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानंदमठ द्वारा आर्य महासम्मेलन का आयोजन 9 मार्च रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पंडित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन दयानंदमठ में होगा। महर्षि देवदयानन्द सरस्वती की 200वीं जन्म जयन्ती हर्षोल्लास के साथ पूरे देश में मनाई जा रही है। ये बात आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानंदमठ के प्रधान देशबंधु मदान ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व अन्य वरिष्ठ आर्यनेता तथा साधु-संन्यासी, विद्वान एवं भजनोपदेशक मौजूद रहेंगे। सभामंत्री उमेद शर्मा ने कहा कि समाज में फैले हुए अंधविश्वास के सुधार के लिए ही आर्यसमाज शुद्ध वैदिक परम्परा का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि छुआछूत व जातिगत भेदभाव का विरोध किया तथा स्त्रियों व शूद्रों को भी यज्ञोपवीत धारण करने व वेद पढ़ने का अधिकार दिया गया था। स्वामी दयानंद द्वारा रचित सत्यार्थप्रकाश नामक ग्रन्थ आर्यसमाज का मूल ग्रन्थ है। इस अवसर पर सभाप्रधान देशबन्धु मदान, सभामन्त्री उमेद शर्मा, सभा कार्यालयाधीक्षक सत्यवान आर्य, वेदप्रचार मंडल रोहतक के प्रधान सुभाष सांगवान, हवासिंह राठी, रामकिशन बाल्याण आदि रहे।

M.D.S. PUBLIC SCHOOL
**MDS**
Public School, Madina (Rohtak)
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL AFFILIATED TO CBSE (531600)

**REQUIRED**
English fluent, innovative & enthusiastic teachers who are versed according to the norms of CBSE
The positions we have available are:
- PGT :- English, Biology, History, Geography, Political Science, Physical Education, Music
- TGT:- English, Spoken English - 1, Maths, Science, G.K. and Reasoning, French, Skt
- PRT:- Maths, Information Technology, GK,
- Typist, Activity Teacher, Dance Teacher (Female Preferred)
- Office Assistant for Technical Work (MIS, CBSE, ETC.), Accountant - Must have computer knowledge (Female Preferred)

Salary No Bar for deserving candidates Interested candidates may walk in for interview on (March 8, 2025), Saturday or any working day between 10:00 a.m. to 1:30 p.m.

Transport facility available from Rohtak (for Staff Members)

Bring hardcopy of CV along with you.
7419407800, 90688 40661
Mdsstaff123@gmail.com
Near Toll Plaza NH - 9 Madina


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ऑनलाइन से सस्ता सबसे अच्छा।
1 KG SUGAR FREE
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
UPTO 80% OFF
HOLI
MEGA SALE
8 MARCH TO 15 MARCH
ROHTAK
DIGHAL
JHAJJAR
GOHANA
SAMPLA
BAHADURGARH
रंग, मिठास और प्यार, Elenta Mart से शॉपिंग बार-बार!
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
MOONG CHILKA 1KG OUR PRICE ₹115
RAJMA CHITRA 1KG OUR PRICE ₹130
MALKA MASOOR 1KG OUR PRICE ₹89
MALKA KALI DAAL 1KG OUR PRICE ₹90
KAAJU 500G OUR PRICE ₹490
WALLNUT (AKHROT) 250G OUR PRICE ₹365
KISHMISH JUMBO SIZE 1KG OUR PRICE ₹275
SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
UPTO 50% OFF
PICHKARI - WATER BALLONS - GULAL - COLORS - ELECTRIC WATER GUN
ORION CHOCO-PIE 25X10 GM BUY 1 GET 1 FREE
KISSAN FRESH TOMATO KETCHUP 850G DOY PACK 10% OFF
HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT MRP 750ML ₹175 OUR PRICE ₹155
CocaCola Without Offer 2Ltr. MRP ₹95 OUR PRICE ₹75
LAHORI JEERA 24 BOTTLES MRP ₹240 OUR PRICE ₹185
CATCH SOFT DRINK 1.2 Ltr. BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ₹1255 OUR PRICE ₹949
KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE 5kg 10kg 40% OFF ON MRP
Brooke Bond taj mahal tea 1kg MRP ₹710 OUR PRICE ₹549
HERSHEY'S SYRUP CHOCOLATE MRP 623GM ₹250 OUR PRICE ₹155
DAVIDOFF FINE AROMA COFFEE 100GM MRP ₹749 OUR PRICE ₹599
GLUCOVITA HELPS BOOST IMMUNITY 1KG BUY 1 GET 2 FREE
PRABHAS PURE COW GHEE 1Ltr. BUY 1 GET 1 FREE
DABUR ANMOL GOLD COCONUT OIL 600ML BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1LTR MRP ₹173 OUR PRICE ₹149
RAJDHANI SOOJI/MAIDA/ DALIYA BUY 2 GET 1 FREE
PREET LITE GHEE 1Ltr. OUR PRICE ₹315
RAJDHANI BESAN 1KG MRP ₹169 OUR PRICE ₹102
PAPER BOAT JUICE 1 LTR BUY 1 GET 1 FREE
FRESCA JUICE 1Ltr. BUY 1 GET 3 FREE
BOMBAY SHAVING COMPANY DEODORANT SPRAY BLACK 150ML BUY 1 GET 3 FREE
GOOD LOOK AIR FRESHNER BUY 1 GET 1 FREE
KISSAN FRESH TOMATO KETCHUP 1.1KG MRP ₹150 ₹25 OFF
DABUR GLUCOPLUS C SIPPER FREE 50% OFF
KELLOGG'S OATS JAR 850G MRP ₹244 OUR PRICE ₹140
AASHIRVAAD ATTA 10 KG MRP ₹485 OUR PRICE ₹435
ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID 3LTR 33% OFF
SURF EXCEL EASY WASH 7KG MRP ₹1030 OUR PRICE ₹699
SANI FRESH ADVANCED TOILET CLEANER 520ML BUY 1 GET 1 FREE
KHADI SOAP 100% HANDMADE SOAP BUY 1 GET 1 FREE
MAGGI TOMATO KETCHUP WITHOUT OFFER 970G MRP ₹165 OUR PRICE ₹99
SCOTCH BRITE CLEANING PRODUCTS UPTO 10% OFF ON MRP
HERBS AND HILLS ALL RANGE 25% OFF ON MRP
CADBURY BOURN VITA POUCH 750GM 15% OFF
TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE 8KG+4KG MRP ₹1479 OUR PRICE ₹924
ARIEL MATIC FRONT LOAD 4+2KG+1L MRP ₹1549 ₹250 OFF
WIPRO SAFE WASH BOTTLE 1KG BUY 1 GET 2 FREE
ARIEL COMPLETE DETERGENT 4KG BUY 1 GET 1 FREE
UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!
Dollar DISCOUNT 30%
JOCKEY DISCOUNT 20%
BODYCARE DISCOUNT 20%
DISCOUNT 30%
LUX cozi DISCOUNT 30%
VAN HEUSEN DISCOUNT 20%
MACROMAN DISCOUNT 30%
U.S. POLO ASSN. DISCOUNT 20%
MACHO UNDERWEAR DISCOUNT 30%
Rohtak Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. Contact: +91-8199999480
Bahadurgarh Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899
Jhajjar Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531
Sampla Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800
Gohana Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626
Dighal Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*
STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET
*PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.